जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/ 17705 दिनांक : 05-12-24

अति-आवश्यक

प्रति,

सचिव/प्राचार्य
समस्त संम्बधित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, (म0प्र0)

विषयः- AISHE सत्र 2023-24 हेतु उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल (http://aishe.gov.in) पर डेटा अद्यतन करने बावत्।

संदर्भः-कार्यालय, आयुक्त, उच्च शिक्षा म.प्र. का पत्र क्रं. 362/आउशि/AISHE/2024 दिनांक 02.12.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि, AISHE 2023-24 हेतु डेटा अद्यतन की प्रक्रिया AISHE पोर्टल पर प्रारम्भ की जा चुकी है। सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2023-24 का डेटा अद्यतन एवं नवीन महाविद्यालयों का पंजीकरण 20 दिसम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से किया जाना है।

अतः समस्त महाविद्यालय प्राचार्य/सचिव/संचालक को सूचित किया जाता है कि वे सत्र 2023-24 में पंजीकृत महाविद्यालयों का डेटा 20 दिसम्बर 2024 तक अद्यतन कर AISHE प्रमाण पत्र सम्बद्धता विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

जिन महाविद्यालयों द्वारा AISHE 2023-24 हेतु पंजीकरण/डेटा अद्यतन की कार्यवाही नही की जाती है, उन महाविद्यालयों को सत्र 2025-26 की सम्बद्धता प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा एवं डेटा अद्यतन नहीं किये जाने पर कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग भोपाल की ओर से होने वाली कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
2. प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय, ग्वालियर-चंबल संभाग संबंधित महाविद्यालयों से पंजीकरण/डेटा अद्यतन की जानकारी की कार्यवाही सुनिश्चित करावें।
3. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. प्रभारी, आई.टी. सेल, विश्वविद्यालयीन वेबसाईट पर प्रसारित हेतु।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2024-25/D.C.D.C./J.U